श्याम चंदा हैं श्यामा चकोरी । बड़ी सुन्दर है दोनों की जोरी

श्याम चंदा हैं श्यामा चकोरी ।
बड़ी सुन्दर है दोनों की जोरी ।।

मोर मुकुट पीताम्बर धरैया ।
मुरलीधर है यह कृष्ण कन्हैया ।।
नीलाम्बर धर, हैं भानु किशोरी

• बड़ी सुन्दर है........

श्याम रसिया है श्यामा रसीली ।
कृष्ण छलिया, राधा है शर्मीली ।।
कृष्ण काला, अरु राधा है गोरी

• बड़ी सुन्दर है.........

गिरधर गोपाल गोकुल का राजा ।
ब्रज की सरकार है रानी राधा ।।
प्राण जीवन, परमधन तज़ौरी

• बड़ी सुन्दर है........

दोनों ही रूप रस की वो धारा ।
जिस में डूबा है संसार सारा ।।
नंद नंदन, यह भानु किशोरी

• बड़ी सुन्दर है.........

दोनों में प्रेम है इतना ज्यादा ।
राधा मोहन मोहन है राधा ।।
कृष्ण मन का 'मधुप', राधा भोरी

कवि : सुप्रसिद्ध लेखक एवं संकीर्तनाचार्य श्री केवल कृष्ण 'मधुप' (मधुप हरि जी महाराज) अमृतसर (9814668946)

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33528/title/Shyam-Chanda-hain-Shyama-Chakori--Badi-Sunder-hai-dono-ki-Jori

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |